20/01/2020

पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकारान उपस्थित बहस प्रार्थना-पत्र सुनी गई। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना-पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए वादग्रस्त भूमि में प्रार्थी का 1/5 हिस्सा तथा प्रार्थना-पत्र में संलग्न नजरिए नक्शे के अनुसार प्रार्थी का मौके पर कब्जा व काश्त चला आ रहा है। तथा भौतिक रूप से विभाजन किया हुआ है। लेकिन राजस्व रेकर्ड विभाजन नहीं है। तथा अप्रार्थी सं 01 से 04 विभाजन नहीं करवाना चाहते है।

P.T.O

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:41:12 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner

तथा प्रार्थी को मौके से बेदखल करने हेतु उतारू है। इसलिए वाद के निस्तारण तक वादग्रस्त भूमि के बाबत मौके व राजस्व रेकर्ड की यथास्थिति बनाए रखें।

प्रतिवादी अप्रार्थी सं. 01 द्वारा जवाब प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र खारिज किया जावें।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। प्रार्थी चूनाराम जमाबंदी अनुसार खातेदार दर्ज है। तथा विभाजन हेतु वाद प्रस्तुत किया। विभाजन के साथ कब्जे बाबत नजरी नक्शा भी प्रस्तुत किया है। जिसके विरोध में अप्रार्थीगण द्वारा नजरी नक्शा प्रस्तुत कर अलग से कोई कब्जा नहीं बताया है। इस प्रकार प्रथम दृष्टया प्रकरण उपरोक्त तथ्यों व परिस्थिति अनुसार प्रार्थी के पक्ष में प्रमाणित है। सुविधा का संतुलन व अपूर्णीय क्षति के बिंदु भी प्रार्थी के पक्ष में है। क्योंकि राजस्व रेकर्ड के अनुसार प्रार्थी एक रेकर्डेड खातेदार है। तथा संलग्न नजरी नक्शे अनुसार काबिजाना प्रमाणित है। अप्रार्थीगण को मौके से प्रार्थी को बेदखल करने का कोई अधिकार नहीं है। तथा प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र स्वीकार योग्य है।

P.T.O

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:41:12 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
	अतः प्रार्थी का प्रार्थना-पत्र स्वीकार किया जाकर यह आदेश दिया जाता है कि मूल वाद के निस्तारण तक वादग्रस्त भूमि खसरा नं. 2116 रकबा 47 बीघा 02 बिस्वा ग्राम अर्जुनदेवनगर ख.नं. 2941 रकबा 22 बीघा 10 बिस्वा ख.नं. 2965 रकबा 156 बीघा 12 बिस्वा ख.नं. 2972 रकबा 11 बिस्वा गैर-मुमकिन दाणी, खसरा नं. 2973 रकबा 33 बीघा 17 बिस्वा, ख.नं. 2974 रकबा 11 बीघा 04 बिस्वा, ख.नं. 2977 रकबा 04 बीघा 06 बिस्वा ग्राम डउकियों का बास के बाबत प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न जमाबंदी-नक्शे अनुसार प्रार्थी के कब्जाकाश्त में अप्रार्थी सं. 01 से 04 किसी प्रकार की दखलंदाजी न तो स्वयं करें और न ही किसी और से करवाएं। मौके व रेकर्ड की यथास्थिति बनाए रखें।
	[illegible] पत्रावली [illegible] नम्बर से [illegible] शुमार होकर के साथ [illegible] मूलवाद

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:41:12 IST
Reason: SelfAttested

नायक कलेक्टर, पावटा

Scanned by CamScanner